## एक नजर में

### हेड मास्टर दिलीप खेडेकर को दी भावपूर्ण विदाई



**मंडलेश्वर, निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर के माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर की अर्धवार्षिकी पूर्ण होने पर उनको भावपूर्ण विदाई स्टॉफ द्वारा दी गई जिसमें उनकी पत्नी और बेटो ने भी भागीदारी की।प्रधान पाठक दिलीप खेडेकर द्वारा 25 वर्ष की सेवा कन्या माध्यमिक विद्यालय में दी गई।उनका सरल सहज और मिलनसार व्यक्तित्व रहा है।विदाई समारोह में प्राचार्य विजय वानखेड़े श्रीमती शबनम खान मेघना कानूनगो कविता भालसे मोनिका मंडलोई संजय राज पाटीदार सहित शिक्षकों ने शब्दों से विदाई दी।

### उज्जैन सिंहस्थ से पहले मोरटक्का चौराहे से बायपास तक सड़क चौड़ीकरण की पुरजोर मांग

**सनावद, निप्र।** सनावद नगर की यातायात व्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु सनावद विकास संघर्ष समिति और अंकुर फाउंडेशन ने शासन-प्रशासन के समक्ष खरगोन रोड के चौड़ीकरण की मांग शासन,प्रशासन एवं जनप्रतिधियों से की है। समिति के डॉ.राजेंद्र पलोड़,ओमप्रकाश बंसल,राकेश गेहलोत,लक्ष्मीकांत राठी एवं धीरेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि निरंतर बढ़ते यातायात के मद्देनजर सनावद नगर के मोरटक्का चौराहे से नए फोरलेन बायपास तक खरगोन रोड को फोरलेन में बदलना अत्यंत आवश्यक हो गया है।समिति के सदस्यों ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान महाराष्ट्र और गुजरात से आने वाले लाखों श्रद्धालु और यात्री सनावद के रास्ते से ही प्रवेश करेंगे। भौगोलिक स्थिति के कारण सनावद में बड़वाह की तुलना में कहीं अधिक यातायात का दबाव रहेगा। वर्तमान में सनावद नगर का संकीर्ण खरगोन रोड यातायात के दबाव झेल नहीं पाएगा और ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर लेगी। समिति के सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभी नया फोरलेन बायपास पूर्ण रूप से शुरू भी नहीं हुआ है।इसके बावजूद खरगोन रोड पर अभी से लंबे और कठिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। वर्तमान में खरगोन रोड की चौड़ाई कम होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और ट्रैफिक जाम होने के कारण वाद-विवाद भी बढ़ रहे हैं।

**उज्जैन सिंहस्थ-2028 : एक बड़ी चुनौती :-** समिति का मानना है कि वर्ष 2028 में होने वाले उज्जैन सिंहस्थ महापर्व के दौरान खरगोन रोड पर यातायात का दबाव कई गुना बढ़ जाएगा।यदि समय रहते मोटक्का चौराहे से बायपास तक के हिस्से को फोरलेन (60 मीटर चौड़ी सड़क) में तब्दील नहीं किया गया, तो सिंहस्थ के दौरान सनावद शहर पूरी तरह से ट्रैफिक जाम का शिकार हो जाएगा। समिति के सदस्यों ने शासन और जनप्रतिधियों से पुरजोर मांग की है कि व्यापक जनहित में सनावद नगर के खरगोन रोड के चौड़ीकरण का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए।

### नवग्रह हॉकी स्पर्धा का दूसरा दिन, सेमीफाइनल में पहुंचीं खरगोन, गुजरात, नागपुर, अमरावती



**खरगोन, निप्र।** शहर के उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में चल रहे अखिल भारतीय नवग्रह हॉकी स्पर्धा के दूसरे दिन चार क्वाटर फायनल मुकाबले हुए।यहां गुजरात, नागपुर, अमरावती और खरगोन की टीमों ने प्रतिद्वंदी टीमों को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। खरगोन ओर हरियाणा के बीच हुए क्वाटर फायनल मैच में एसपी रविन्द्र वर्मा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि खरगोन में इतनी बड़ी स्पर्धा हो रही, जिसमें देश के कोने-कोने से हॉकी के खिलाड़ी आए है।एसपी का स्वागत स्पर्धा अध्यक्ष मनोज रघुवंशी एवं हॉकी संघ अध्यक्ष विपिन गौर सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने किया। अंत में एसपी वर्मा को आयोजन समिति ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हॉकी मैदान से लेकर खिलाडियों की सुविधाओं तक की कमान आयोजन समिति के हाथों में स्पर्धा के सभी पदाधिकारी पूरी मेहनत से लगे हुए हैं। सचिव जयराज दांगी, दिनेश यादव, इकबाल उस्ताद, काका सिंह, संतोष दांगी, रूपेश तोमर की भूमिका सराहनीय है। स्पर्धा का मंच संचालन मेहबूब खान ने किया।

### 11 फरवरी से 5 मार्च तक चलाया जाएगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान




**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोज अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अंतर्विभागीय बैठक में कलेक्टर द्वारा कुष्ठ रोगी खोज अभियान के पूर्व, दौरान एवं उपरांत नियोजित गतिविधियों के प्रभावी कियान्यन के निर्देश दिए गए।सीएमएचओ डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोज अभियान में 02 वर्ष से अधिक समस्त महिला/पुरूष एवं बच्चों की जॉच की जाएगी। अभियान के तहत परिवार के समस्त सदस्यों की घर-घर जाकर जॉच की जाएगी।

### उत्सव के रुप में मनेगा संत सेवालाल महाराज जन्मोत्सव, 9 को निकलेगी निमंत्रण यात्रा




**खरगोन, निप्र।** संत शिरोमणि संत श्री सेवालाल जी महाराज का जन्मोत्सव 287 वां जन्मोत्सव 18 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर संत श्री सेवालाल महाराज बंजारा समाज समिति की बैठक सीएमएचओ कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आयोजन समिति का गठन भी किया गया, जिसमें जिला प्रचार-प्रसार संयोजक मुकेश राठौर को नियुक्त किया गया। श्री राठौर ने बताया कि बैठक में जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम में समाजजनों के आमंत्रण के लिए ग्राम प्रभारी नियुक्त प्रचार- प्रसार के का वितरण भी किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया की महोत्सव निमित्त होने वाले आयोजन निमित्त 9 फरवरी को प्रचार - वाहन की शुरुआत होगी। जो समाज से जुड़े गांवों में पहुंचकर आमंत्रण संदेश प्रसारित करेगा। बैठक में समिति जिला अध्यक्ष लच्छू चौहान, जिला मीडिया प्रभारी करण सिंह चौहान, ठाकुर चौहान, जीवन चौहान, राजेश नायक, दौलत नायक, देवीलाल, मंशाराम नायक, दिलीप राठौर, लवकुश पंवार, कृष्णराज राठौर, राजू चौहान, जीवन पंवार, विक्रम राठौर, देवा पंवार, ज्योति प्रसाद, संजू नायक, विकास राठौर, आदि उपस्थित थे।

# दो पक्षों में विवाद, तनाव, पुलिस बल तैनात

## सुलगांव में दो पक्षों के बीच अंतिम संस्कार को लेकर बढ़ा विवाद पथराव में बदल गया

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** नर्मदा तट पर बसे महेश्वर डूब प्रभावित गांव सुलगांव में सोमवार को उस समय तनाव फैल गया जब दो पक्षों के बीच अंतिम संस्कार को लेकर बढ़ा विवाद पथराव में बदल गया। सोमवार सुबह 10 बजे जब ग्राम सुलगांव के पाटीदार समाज के लोग एक वृद्ध महिला का अंतिम संस्कार करने नर्मदा किनारे बसे ग्राम सुलगांव के कहार मोहल्ले के समीप पहुंचे और वहां अंतिम संस्कार कर दिया। दूसरे पक्ष ने इस पर आपत्ति ली कि घरों के नजदीप अंतिम संस्कार नहीं करे।इस विवाद के चलते पुलिस जवान और टी आई पंकज तिवारी भी



सुलगांव पहुंचे थे। जिन्होंने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन अंतिम संस्कार करने के बाद दोनों पक्षों के बीच पत्थर बाजी की घटना से गांव में तनाव फैल गया पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया है। और दोनों पक्षों पर बलवा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।आलोक विष्णु पाटीदार की ओर से दर्ज प्रकरण में पीरू पिता नजर , अमजद पिता हकीम, अकलीम पिता हबीब, शकीर पिता भूरू,साहिल पिता करीम, अकलीम नजर अली, अमीर पिता हकीम, इरशाद पिता उस्मान, असलम पिता लाला, शांतिलाल पिता गणेश गणेश पिता ईश्वर, राजू पिता रमेश प्रेमचंद पिता पंचीलाल और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।जबकि दूसरे पक्ष के राजू पिता रमेश चंद की ओर से वासुदेव पिता हरिराम पाटीदार, गिरजेश पिता प्रताप सिंह दरबार, दीपक कैलाश पाटीदार, कपिल मुन्ना पाटीदार, आलोक विष्णु पाटीदार राघव विक्की पाटीदार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट की गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बी एन एस की धाराओं 191(2) , 296 (b), 115 (2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

### कानून व्यवस्था देखने पर पहुंची एस डी एम

घटना के बाद मंडलेश्वर एस डी एम पूर्वा मंडलोई एस डी ओ पी श्वेता शुक्ल और टी आई पंकज तिवारी के साथ सुलगांव पहुंची और कानून और व्यवस्था की स्थित की समीक्षा की ।

## शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

### मुख्य अतिथि सचिन बिरला और जनप्रतिनिधियों ने किया

**सनावद, निप्र।** श्रीमंत बाजीराव पेशवा शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिन बिरला और जनप्रतिधियों ने किया। विधायक ने कहा कि हमें गर्व है कि महाविद्यालय का नामकरण अजेय योद्धा श्रीमंत बाजीराव पेशवा शासकीय महाविद्यालय किया गया है। महान योद्धा बाजीराव पेशवा ने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान किया। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय के विकास और विस्तार के लिए जनभागीदारी समिति ने सराहनीय कार्य किए हैं। महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंच और परिसर का निर्माण किया गया है। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय की भूमि का कटाव रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य जारी है। विधायक ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय के पहुंच मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कर चौड़ीकरण किया




जाएगा। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव की सरकार महाविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का अवसर है। युवा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। शिक्षा के साथ नैतिकता का आधार भी जरूरी है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रभात उपाध्याय ने समिति के कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य इंदरसिंह पंवार, प्रो. केआर कुमेकर और दीपकसिंह परिहार ने अतिथियों का सत्कार किया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, अनिल अजमेरा, दीप्ति बंसल, रश्मि ठाकुर, अश्विनी चौधरी, केतन गेहलोत, संजय राठौर, रशीद जोया, श्याम ठाकुर, मोहित यादव, सुरेंद्रसिंह पंवार, नीलेश मालाकार, अज्जू राठौर, ओम वर्मा, आदित्य पंचोलिया, सुनील माली, सरोज इंगला, शुभम शर्मा ,दुर्गेश परिहार, राहुल हिरोड़िया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आचार्य मंडन मिश्र महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में विधायक मेव होंगे मुख्य अतिथि

**मंडलेश्वर, निप्र।** आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर का वार्षिक उत्सव 12 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित होगा। प्राचार्य डॉ एम एस चौहान ने बताया कि वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि विधायक श्री राजकुमार मेव होंगे उनसे कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।वे 12 फरवरी को वार्षिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। वार्षिक उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियां होंगी। महाविद्यालय में 03 फरवरी से 06 फरवरी तक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी।वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं संकाय स्तर की होगी कला वाणिज्य विज्ञान और पी जी की कक्षाओं के बीच मुकाबले होने इसमें बैडमिंटन , शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट, खो - खो, लंबी कूद ,ऊंची कूद, दौड़ में 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर और 5000 मीटर की प्रतियोगिताएं शामिल है



जिनमें महिलाओं और पुरुष वर्ग के लिए अलग अलग प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय के चार लड़के और एक लड़की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की ओर से भाग लेगे इनमें धावक आशीष रोकड़े, विराज वर्मा ,श्रीराम पवार और दीपक खांडे ये सभी खिलाड़ी रोहतक हरियाणा में होने वाली नेशनल क्रास कंट्री में भाग लेंगे। महाविद्यालय की एक छात्रा सुश्री प्रीति पाटीदार भी नेशनल गेम्स का हिस्सा होंगी इन सभी खिलाड़ियों का चयन आलीराजपुर में सम्पन्न संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सत्र 25 -26 में जिला स्तर संभाग स्तर राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को संस्था के वार्षिक उत्सव में विधायक द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## पत्रकार संघ एआईजे ने आयोजित किया राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव 2026





**कसरावद, निप्र।** रविवार एक फरवरी को खरगोन के अभ्युदय यूनिवर्सिटी कैम्पस में भारतीय पत्रकार संघ एआईजे ने आयोजित किया राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव 2026 उक्त आयोजन में खरगोन पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रुहल एसडीएम सत्येंद्र कटारे खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, धुलकोट विधायक केदार डावर, मनावर विधायक डॉक्टर हीरालाल अलावे, वरिष्ठ पत्रकार अजीजुद्दीन शेख, प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रशानिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे वही आयोजन के मुख्य अतिथि अयोध्या से पधारे संत रामलला सरकार भी मौजूद रहे। वहीं अनादी टीवी एंकर पारूल केसवानी नवभारत प्रमुख क्रांति चतुर्वेदी ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की आयोजन में कई राज्यों से एवं मध्यप्रदेश के अनेक जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, रंजीत सिंह ठाकुर, अमीर शेख, श्याम कुशवाह एवं पदाधिकारी एवं पत्रकारगण मौजूद रहे।

## सनावद के आशीष और संजय बने धुले स्टेट बैडमिंटन चैंपियन

**सनावद, निप्र।** धुले 1फरवरी को दोहरी बैडमिंटन प्रतियोगिता मेँ आशीष मित्तल और संजय पाटीदार ने लहराया परचम कड़ी स्पर्धा मेँ इन दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबला दो सीधे सेट मेँ अपने नाम किया और सनावद का नाम रोशन किया इस मौक़े पर शहर के नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इन्दर बिरला, पार्षद जय शिंदे, पत्रकार विनोद गौड़, अमित कोचर, नरेन्द्र राठौर, डॉ सुभाष मोरी, दुर्गा शंकर पाटीदार, मुस्तन अली बोहरा, भगवान सेन, डॉ अधिकारी, आदि के साथ साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल चन्द्रगुप्त प्रकोल ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है ज्ञात रहे की सनावद मेँ एक मात्र बैडमिंटन कोर्ट पॉलिटेक्निक कॉलेज मेँ है प्रकोल सर के सानिध्य मेँ आशीष और संजय ने अपने खेल को निखारा है, बैडमिंटन क्लब सनावद के साथीगण गणेश पटेल,अर्जुन सिंह डाबर, राम गोविन्द बेन, बलिराम खरते, नवनीत जैन,एस सी चौहान आदि ने बधाई प्रेषित की है।




## नव रचित श्री ऋद्धिसिद्धि मंगल विधान का लोकार्पण

**सनावद, निप्र।** पार्श्व ज्योति मंच द्वारा प्रकाशित तथा अ. भा. दि. जैन विद्वत् परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती (बुरहानपुर) द्वारा लिखित तथा मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती द्वारा सम्पादित नव रचित श्री ऋद्धि सिद्धि मंडल विधान का लोकार्पण सिद्धवरकूट में सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के मूलनायक तीर्थकर श्री संभवनाथ भगवान के समक्ष श्री सुशील जैन, प्रियम जैन, शुभम जैन,संध्या जैन, प्रिया जैन ने लोकार्पण कर भगवान के समक्ष प्रथम कृति समर्पित की । डॉ. सुरेन्द्र भारती ने बताया कि जैन परम्परा के अनुसार नव देवताओं की अर्चना दस धर्म की पूजा आदि मांगलिक कार्यों के लिए इस कृति की रचना हुई है। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि इस कृति में 72 अर्घ्यों के माध्यम से इष्टदेव की आराधना सरल और सहज शब्दों में की गई है। कृति की रचना इस तरह से की गई है कि चौबीस तीर्थकरों में से किसी एक तीर्थकरों को नायक बनाकर यह विधान पुण्यवर्धन हेतु कर सकते हैं। विजय जैन, कमलेश भूच, धीरेन्द्र बाकलीवाल, वीनस जैन, ने इसकी लयबद्धता को रुचिकर बनाने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे सर्व जनोपयोगी बताया है।



**एक नजर में** — नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समय पर निराकरण करें

# कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किए नहीं रहनी चाहिए। नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समय पर निराकरण करें। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में कम प्रगति होने पर सीएमएचओ को निर्देश दिये कि वे बीएमओ के साथ बैठक आयोजित कर ग्रेडिंग में प्रगति लाए। कलेक्टर ने जनवरी माह में नॉट अटेंडेंट शिकायतें रहने पर महेश्वर के बीएमओ एवं सीडीपीओ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में आ रही भूमि संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को वन विभाग के डीएफओ के साथ समन्वय




स्थापित करने के निर्देश दिए ।इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों से कहा कि वन विभाग से लंबित सभी निर्माण कार्यों में एनओसी प्राप्त कर निर्माण कार्यों में गति लायी जाए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के प्रमुख बिन्दुओं के अंतर्गत योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि प्रति निकाय व जनपद पंचायतें अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के आवेदनों की पोर्टल पर इंट्री किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सम्पूर्णता अभियान की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व डीपीसी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी भवनों एवं शालाओं में शौचालय निर्माण कार्य शत प्रतिशत किये जाए। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि कलेण्डर अनुसार केपीआई के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार शत प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सुरक्षा योजना की समीक्षा की और पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एएनसी पंजीकरण के समय ही ईकेवाएसी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे।